राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

(पूर्व राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड)

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांक : प.8 (32) R.S.S.B./प.आ./कनि.अनु. /सी.भ.प./2018/328 दिनांक: 25.06.19

विज्ञप्ति
(परीक्षाओं को स्थगित किये जाने के सम्बन्ध में)

विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा समय–समय पर विज्ञापन जारी किये जाकर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे तथा प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करवाए जानें के लिये समसंख्यक विज्ञप्तियॉ क्रमांक: 301, 302 दिनांक: 11.06.2019 एवं क्रमांक: 319, 320 दिनांक: 21.06.2019 जारी की जाकर निम्न तालिका के कॉलम 5 के अनुसार परीक्षाओं के आयोजन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था :–

क्र. सं.	पद का नाम (जिसके लिए परीक्षा का आयोजन निर्धारित किया गया था)	विभाग का नाम (जिसके लिए परीक्षा का आयोजन किया जाना था)	आवेदन आमन्त्रित करने के लिए बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन संख्या/ (क्रमांक/दिनांक)	परीक्षा आयोजन हेतु पूर्व में निर्धारित तिथि
1.	2.	3.	4.	5.
1.	फार्मासिस्ट	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राजस्थान, जयपुर	14/2018 (3104–3113/13.08.2018)	06.07.2019
2.	पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III	माध्यमिक शिक्षा विभाग	11/2018 (1609/21.05.2018)	06.07.2019
3.	शीघ्रलिपिक (Stenographer)	शासन सचिवालय, राजस्थान लोक सेवा आयोग, प्रशासनिक सुधार विभाग के माध्यम से राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों/ कार्यालयों के लिए	13/2018 (2957/04.07.2018)	14.07.2019
4.	कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजिन)	कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण) राजस्थान	08/2018 (1440/25.04.2018)	20.07.2019
5.	कनिष्ठ अनुदेशक (इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक)	कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण) राजस्थान	08/2018 (1440/25.04.2018)	20.07.2019
6.	कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक रेफ्रीजरेशन एण्ड एयर कण्डीशनर)	कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण) राजस्थान	08/2018 (1440/25.04.2018)	21.07.2019
7.	कनिष्ठ अनुदेशक (वायरमैन)	कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण) राजस्थान	08/2018 (1440/25.04.2018)	21.07.2019

..........2/–

8.	कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना व विज्ञान)	कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण) राजस्थान	08/2018 (1440/25.04.2018)	**27.07.2019**
9.	हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग)	उद्योग विभाग	03/2018 (1182/13.03.2018)	**27.07.2019**
10.	लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग)	उद्योग विभाग	03/2018 (1182/13.03.2018)	**28.07.2019**
11.	अन्वेषक (Investigator)	कृषि विभाग	02/2019 (115/22.01.2019)	**28.07.2019**

उक्त तालिका में अंकित पदों के लिए बोर्ड द्वारा विज्ञापन जारी किये जाने एवं ऑनलाईन आवेदन आमन्त्रित किये जाने की अन्तिम तिथि के उपरान्त राज्य सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांकः एफ.7 (1) कार्मिक/क–2/2019 दिनांकः 19.02.2019 द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण एवं विधि विभाग द्वारा जारी अधिसूचना दिनांकः 13.02.2019 द्वारा अति पिछड़ा वर्ग (MBC) के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने का प्रावधान किया जा चुका है। उक्त अधिसूचनाएं लागू होने की तिथि के समय प्रक्रियाधीन भर्तियों में उक्त अधिसूचंनाओं के आधार पर अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण का लाभ दिये जाने हेतु राजस्थान सरकार के कार्मिक (क–2) विभाग के पत्र क्रमांकः प.7 (1) कार्मिक/क–2/2017 जयपुर दिनांकः 23 जून, 2019 द्वारा दिशानिर्देश/मार्गदर्शन प्रदान किये गये हैं। तत्सम्बन्धी कार्यवाही किये जाने के उपरान्त उक्त पदों के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किये जाकर सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों से पुनः आवेदन आमन्त्रित किये जावेंगे जिसके लिए बोर्ड की वेबसाईट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** एवं समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी की जाकर पृथक से सूचित किया जावेगा।

उल्लेखनीय है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया जा चुका है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यंकता नहीं होगी। ऐसे अभ्यर्थियों से श्रेणी परिवर्तन सहित अन्य किसी सूचना/दस्तावेज/प्रमाण–पत्र की आवश्यकता होने पर उन्हें अवसर एवं समय प्रदान किया जाकर प्राप्त कर लिए जावेंगे।

अतः उक्त के क्रम में बोर्ड द्वारा उक्त तालिका में अंकित कुल 11 परीक्षाओं का आयोजन एतदद्वारा स्थगित किया जाता है।

(डॉ. बी0 एल0 जाटावत)
अध्यक्ष